तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025



14 बस्तर संभाग के 4 जिलों में 250 गांव के किसान करेंगे लाख पालन





14 शहर का गौरवपथ अपना गौरव खो रहा, ढाई किमी में जगह-जगह गड्ढे






# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि दुनिया के विकसित देशों के राष्ट्राध्यक्षों के समकक्ष आ गयी है। प्रधानमंत्री पर पूरी दुनिया की नजर है। भारत अपनी नीतियों सबका साथ, सबका विकास के तहत वसुधैव कुटुंबकम को सार्थक करते अन्य देशों को भी मदद करने में पीछे नहीं हट रहा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा हैं। स्वदेशी को बढ़ावा देने का लगातार काम कर रहे हैं।

यह बातें वन मंत्री केदार कश्यप ने पत्रवार्ता में कही। शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में उन्होंने कहा कि यदि भारत के सभी लोग स्वदेशी अपनाते हैं तो देश को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने से कोई रोक नहीं सकता। देश 2014 में आर्थिक रूप से 11 वें स्थान पर था, लेकिन आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 4 थे नम्बर पर है। विश्व में तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रही है। बस्तर में रावघाट से जगदलपुर तक रेल लाइन बिछाने का कार्य शीघ्र प्रारम्भ होने की बात कही। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार, आयकर दरों में छूट और नीतिगत सुधारों के माध्यम से मोदी सरकार ने नागरिकों को राहत, व्यापार को सुगमता और आर्थिक स्थिरता प्रदान की है। कोरोनाकाल में जब पूरा विश्व संकट में था,तब प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत का मंत्र देकर देश को एक नई दिशा दी थी। भाजपा की आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती से शुरू होकर 25 दिसंबर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती तक चल रहा है।

### रावघाट से जगदलपुर तक रेल लाइन बिछाने का कार्य शीघ्र होगा शुरू

#### घर- घर दे रहे स्वदेशी का संदेश

इस दौरान रथ यात्राएं,सम्मेलन, प्रदर्शनी और स्वदेशी मेले के माध्यम से हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2014-15 में भारत का रक्षा निर्यात 1,965 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में बढ़कर 23,600 करोड़ से अधिक हो गया है। इस दौरान महापौर संजय पांडे,निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,वेदप्रकाश पांडे,रूपसिंह मंडावी,लच्छुराम कश्यप,विद्याशरण तिवारी,योगेंद्र पांडे,नरसिंग राव,आलोक अवस्थी सहित अन्य उपस्थित थे।



**वोकल फॉर लोकल का संदेश जन-जन तक पहुंचाए:** वन मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता वोकल फॉर लोकल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे हैं। आगामी पांच साल में छत्तीसगढ़ का बजट 10 लाख करोड़ तक करने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### शो पीस बना हाईमास्ट धरना देंगे ग्रामीण



**जगदलपुर।** विकासखंड जगदलपुर के ग्राम पंचायत नानगुर में हाईमास्ट लाइट 11 महीने से बंद है जो हाईमास्ट शो पीस बना हुआ है। इस संबंध में अधिकारी को कई बार जानकारी दी गई। उनका कहना है सामान नहीं है इसलिए इसको रिपेयर नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सामान नहीं हैं तो इसे निकाल कर अपने आफिस में लगाए सुंदरता बढ़ेगी। सप्ताहभर में रिपेयर नहीं किया जाता है तो ग्रामीण आफिस के सामने धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। उपसरपंच नानगुर महेंद्र सेठिया ने इसे लापरवाही और सरकारी योजना तथा राशि का दुरूपयोग बताते हुए कहा कि इसे गंभीरता से अधिकारी लें अन्यथा धरना देकर विरोध किया जाएगा।

### फुटपाथ में दुकानें लगने से स्थायी दुकानों तक नहीं पहुंच रहे ग्राहक, धंधा हुआ मंदा



**जगदलपुर।** पैलेस रोड में स्थायी व्यापारियों को विगत कुछ समय से असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। गांव से अनेक लोग आकर सड़क, फुटपाथ एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अस्थायी दुकाने एवं ठेले लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं। इसके चलते पैलेस रोड के व्यापारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में आज व्यापारियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष शहर सुशील मौर्य से राजीव भवन में भेंट कर ज्ञापन सौंपकर उचित निराकरण की मांग की। ज्ञापन में मुख्य समस्यायों का उल्लेख किया गया। जिसमें सड़क व फुटपाथ पर अनाधिकृत दुकानें लगने से मुख्य रास्ते अवरूद्ध हो जाते हैं जिससे आम जनता एवं ग्राहकों को आवागमन में परेशानी होती है। ग्राहकों का ध्यान अस्थायी दुकानों की तरफ अधिक आकर्षित होता है जिसके कारण स्थानीय कारोबारियों की बिक्री पर असर पड़ रहा है। बेतरतीब दुकानें और ठेले फुटपाथ, रास्तों तथा सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई व स्वच्छता पर प्रतिकूल असर डालते हैं। जगह-जगह कचरा एवं गंदगी फैलती है। पैलेस रोड के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों तक ग्राहकों का पहुंचना कठिन हो गया है जिससे उनके दैनिक व्यापार में गिरावट आई है। प्रशासनिक कार्रवाई न होने से स्थानीय व्यापारियों में असंतोष और आर्थिक असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है।

### समस्या : चना, शक्कर, गुड़ आदि सामान भी मिलना हुआ बंद

# गरीबों का हक मारकर आंध्रप्रदेश, तेलंगाना व महाराष्ट्र में दुकान संचालक बेच रहे अनाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

अलग खबर

उचित मूल्य की दुकानों से चना, गुड, नमक, शक्कर मिलनी बंद हो गई है। हितग्राहियों को बड़ी मुश्किल से चांवल ही मिल पाता है। खाद्य विभाग के अधिकारी समस्त दुकानों में हर माह अनाज की बराबर सप्लाई की फूल गारंटी दे रहे है।

रमन राज के दौरान हर वर्ग के लोगों को न्यूनतम दर में चावल देने की योजना शुरू की गई थी। जिसमें दो प्रकार के राशन कार्ड बनाये, बीपीएल कार्ड धारकों को 1 प्रति किलोग्राम चांवल मिलता है जबकि अन्य श्रेणियों के कार्ड धारकों को 10 प्रति किलोग्राम तक चांवल उपलब्ध कराया जाता है। लोगों को सस्ते में चावल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अलग-अलग श्रेणी के राशन कार्ड बनाए गए हैं, जिसमें मुफ्त से लेकर 10 प्रति किलोग्राम तक चांवल शामिल है। हितग्राहियों को चांवल के अलावा कम कीमतों में शक्कर, गुड, चना, गेहूं भी वितरण करना है। ताकि बाजार में मिलने वाले महंगे अनाज से नागरिकों को राहत मिल सके। परन्तु शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को न देकर उचित मूल्य की दुकानों का संचालक कर रहे स्वसहायता समूह और ग्राम पंचायत के जिम्मेदार समूह के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव मिली भगत कर चना, गुड, चांवल, शक्कर की काला बाजारी जमकर कर रहे है। गरीबों का हक मारकर सीमा से लगे आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के व्यापारियों को दोगुने दामों में बेचकर मोटी कमाई करने में लगे है। मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले में कुल 218 उचित मूल्य की दुकानें संचालित है। जिनमे बड़े पैमाने पर खाद्यान की हेराफेरी अधिकारियों की शह में हो रही है। उसूर ब्लाक के तीमापुर के उचित मूल्य की दुकान के सामने चांवल लेने आये हितग्राहियों ने बताया कि सप्ताह में दो या तीन बार ही राशन दुकान खुलती है। जिसका कोई समय निर्धारित नहीं है। सेल्समेन से चांवल देने की बात कहने पर आधी रात को भी बुलाता है,पहले गुड़, चना, शक्कर और मिट्टी तेल मिलता रहा है। अब कई महीनों से मिलना बंद है। जबकि चार पांच बोरियों में चना भरकर रखा हुआ हुआ है। किसी को पता न चले, खाली बोरियों का थप्पी जमा दिया है। राशन लेने आई महिलाओं ने कहा कि गुड़, चना,शक्कर और मिट्टी तेल 6-7 महीनो से नहीं मिला है। चांवल किसी माह मिलता है तो किसी माह नहीं, जबकि अनाज हर माह ट्रकों में आता है।

- तीमापुर के हितग्राही कह रहे सप्ताह में दो या तीन बार ही खुलती है राशन दुकान

#### ऐसे होती है हेराफेरी

दुकान में आने वाले हितग्राहियों से पहले सेल्समेन बातों बातों में टोह लेकर यह जान लेते है की कितने दिनों तक खाने लायक चांवल घर में उपलब्ध है। फिर दुकान में चांवल शासन से सप्लाई नहीं होने का बहाना बनाते हैं। चांवल आते ही जल्दी देने का झांसा देकर रजिस्टर में हस्ताक्षर करा लेते है। फिर वही चांवल को स्टोर कर दुकान संचालक दूसरे राज्य में बेच देते हैं।



#### कोई शिकायत नहीं मिली

शासन से हर माह चना, गुड़, शक्कर एवं मिट्टी तेल समस्त उचित मूल्य की दुकानों में सप्लाई हो रही है। अभी तक हमें कोई शिकायत नहीं मिली है।

**दिलीप उइके,** डिप्टी कलेक्टर

#### 40 किलोमीटर दूर से बाइक में आते हैं

प्रति किलो 1 रुपए वाला चांवल 35 किलो लेने के लिए हितग्राही 200 रुपए खर्च दुपहिया वाहन में पेट्रोल डलवा 30-40 किलो मीटर बासागुड़ा आते है। इसकी वजह पूछने पर पुसबाका से चांवल लेने आये हुए ग्रामीण नें नाम और फोटो लेने से मना किया। बताया ग्राम पंचायत पुसबाका के अंतर्गत, बंडागुड़ा, गोर्गनगुड़ा सहित दर्जनभर मोहल्ले वाले गाँव है। जहां उचित मूल्य की दूकान न खोल कर बासागुड़ा में खोलकर वहां के नाम से चलाया जा रहा है। कभी कभी तो पूरे गांव के लोग एकत्रित होकर अनाज लेने ट्रैक्टर किराया में लेकर आते हैं।

#### शासन से सप्लाई नहीं हो रही

शिव उप्पल से पूछने पर बताया चना, गुड़, शक्कर की शासन से सप्लाई नहीं हो रही है। जब इनसे पूछा गया चना कितने रुपए प्रति किलो में हितग्राहियों को दे रहे हो। सेल्समेन ने जवाब दिया शासन 4 रुपए प्रति किलो में हमें देती है, लेकिन हम 20 रुपए में भी बेचते है।

## एमपी की 495 बल्क लीटर शराब जब्त तीन जिले से 7 आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** अवैध शराब बिक्री व परिवहन करने वाले तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए भानपुरी पुलिस ने दुर्ग, कोण्डागांव व बस्तर जिले के सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के कब्जों से 3.52 लाख मध्यप्रदेश निर्मित शराब समेत 18.12 लाख रूपए की संपति जब्त किया गया है।

- 3.52 लाख की शराब समेत 18.12 लाख की 3 चारपहिया वाहन व 9 एन्ड्रायड मोबाईल बरामद

शराब तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन, एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती के पर्यवेक्षण में अवैध शराब बिक्री परिवहन करने वाले तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने भानपुरी टीआई हर्ष कुमार धुरन्धर के नेतृत्व में टीम गठित कर पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान फरसागुडा-मुरकुची मार्ग में रेड कार्रवाई की गई। इस दौरान मौके से स्कार्पियो वाहन क्रमांक रते हुए तीन वाहनसी तारतम्य में 9 अक्टूबर को जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि तीन



गाडियों में म0प्र0 राज्य निर्मित अंग्रेजी शराब अवैध रूप से विक्रय हेतु परिवहन कर रहें है कि सूचना पर गठित टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान ग्राम फरसागुड़ा में पहुंचकर फरसागुडा से मुरकुची मार्ग में शराब रेड किया, शराब रेड के दौरान तीन वाहन स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 7778, सियाज वाहन क्रमांक सीजी 04 पीबी 7951 व डस्टर वाहन क्रमांक सीजी 04 एचडी 6858 को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तीनों वाहन में सवार सात लोगों को हिरासत में लेकर वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी में वाहन में सवार आरोपियों के कब्जे से मध्यप्रदेश निर्मित 55 पेटी कुल 495.000 बल्क लीटर गोवा विहस्की शराब कीमत 3.52 लाख रूपए के अलावा 9 नग एन्ड्रायड मोबाईल कीमत 1.60 लाख तथा तीन चारपहिया वाहन कीमत 13 लाख रूपए समेत 18.12 लाख कीमत की संपति जब्त किया गया।

#### गिरफ्तार आरोपी

भानपुरी पुलिस ने जिन सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें मयंक गनवीर 23 वर्ष निगासी प्रगति नगर रिसाली भिलाई ग्राम नेपई जिला दुर्ग के अलावा अमन राय 25 वर्ष निवासी महोद्य उमरकोटी प्लाट नं0 104 थाना उतई जिला दुर्ग, धनराज सिंह ठाकुर उर्फ लाला 26 वर्ष निवासी सुपेता भिलाई बार्ड क्रमांक 16 थाना सुपेला जिला दुर्ग, चिराग यादव उर्फ चिकू 19 वर्ष निवासी भिलाई सेक्टर 10 थाना सेक्टर 06 कोतवाली जिला दुर्ग, हूपेन्द्र नाग 28 वर्ष निवासी मुरकुची आवासपारा भानपुरी बस्तर, जितेन्द्र कुर्रे उर्फ कल्लू 30 वर्ष निवासी कोन्डागांव व प्रमेन्द्र कुर्र उर्फ छोटू 24 वर्ष निवासी कोन्डागांव जामकोटपारा वार्ड क्रमांक 5 शामिल है।

## हाऊसिंग बोर्ड हितग्राहियों को बोधघाट कालोनी को फ्री होल्ड करने दे रहा नोटिस

**जगदलपुर।** छोटे और बड़े जंगल की जमीन में हाऊसिंग बोर्ड ने वर्ष 1971 यानि 54 वर्ष पूर्व में संभागीय मुख्यालय जगदलपुर स्थित बोधघाट में मिश्रित आवासीय योजना से लगभग 300 मकान से कालोनी बनायी थी। इस कालोनी के हितग्राहियों के मकान अब तक फ्री-होल्ड नहीं हो सका और सभी मकान लीज में था। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 में संशोधन किया गया है, जिससे हाऊसिंग बोर्ड को 31 अक्टूबर 2024 तक आबंटित सभी भूमियों को लैंड डायवर्सन (भू-उपयोग परिवर्तन) से मुक्त कर दिया गया है। अब इन संपत्तियों को आवासीय रूप में फ्री-होल्ड करना आसान होगा और राजस्व अभिलेखों में नामांतरण की प्रक्रिया सरल हो गया। इससे बोधघाट कालोनीवासियों में हर्ष व्याप्त है। वहीं दूसरी ओर हाऊसिंग बोर्ड ने इस कालोनी के हितग्राहियों को नोटिस दे रहे हैं वे कार्यालय में पहुंचकर अपने मकानों को आवेदन दे कर मकान को फ्री होल्ड कराएं।



#### हितग्राहियों को जानकारी दी जानी चाहिए

बोधघाट कालोनी के निवासी एवं समाज सेवी मनीष मूलचंदानी ने बताया कि गृह निर्माण मंडल बोधघाट कॉलोनी के निवासियों की जमीन लीज पर रही, अब यह फ्री होल्ड हो गया हैं अंतिम प्रक्रिया कार्यालय से सभी हितग्राहियों को जानकारी दी जानी चाहिए। साथ ही इस महत्वपूर्ण कार्य को सम्पन्न करवाना चाहिए।

**आवेदन पर होगा फ्री होल्ड :** हाऊसिंग बोर्ड जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता एमके सोम ने बताया कि बोधघाट कालोनी के हितग्राहियों को नोटिस दिया जा रहा है, जिससे जिस हितग्राहियों का आवेदन होने पर मकान को फ्री होल्ड कराया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## जनहित को लेकर जनता कांग्रेस ने भरी हुंकार, सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वास्थ्य, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर नारायणपुर में जनता कांग्रेस ने हुंकार भरी। छत्तीसगढ़ जे के जिला अध्यक्ष बलराम कचराम एवं नारायणपुर प्रभारी जिला मंत्री संतोष सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी, बीएसपी प्रबंधन एवं परियोजना प्रबंधक निक्को के नाम ज्ञापन सौंपते 7 दिनों के अंदर खस्ताहाल मुख्य सड़कों के मरम्मत शुरू करने की मांग की है।

- बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा नारायणपुर
- कलेक्टर से 7 दिनों में खस्ताहाल मार्गों को शुरू करने की मांग की

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद के निर्देशन में नारायणपुर जिला के पदाधिकारियों ने समस्याओं के निराकरण के लिए जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया है।

नारायणपुर नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि विधायक क्षेत्र से गायब रहते हैं। ओरछा, कोंडागांव, अंतागढ़ मुख्य मार्ग अत्यंत जर्जर है। जनता कांग्रेस ने चेतावनी देते हुए कहा कि 7 दिनों के अंदर निर्माण कार्य शुरू किया जाए एवं जब तक कार्य न पूरा हो लौह अयस्क आवागमन को बंद रखा जाए। समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो सड़कों पर उतरकर आवागमन को बाधित करने विवश होंगे।



#### लोग अंधेरे में रहने को मजबूर

जिला अध्यक्ष कचलाम ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी आज तक नारायणपुर में बिजली की सुविधा उचित रूप से नहीं है। लोग यहां अंधेरे में रहने मजबूर हैं। स्वास्थ्य सेवाएं ठप हैं, कहीं दवाइयां नहीं है, कहीं बुनियादी सुविधाएं नदारद है।

### एसपी के आश्वासन के बाद भी दोषी पर कारवाई नहीं, जाएंगे राजधानी

# किसानों को 12 लाख की मक्का खरीदी का भुगतान नहीं दे रहा व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर ब्लाक के आधा दर्जन से ज्यादा गांव के दर्जनों किसानों ने अपना मक्का फसल जगदलपुर के एक आढ़तिया व्यापारी वीरेंद्र पाढ़ी के मुंशी बंशी कश्यप मुंडागांव निवासी के जरिये 4 माह पूर्व मक्का फसल विक्रय किया। व्यापारी आज पर्यन्त आदिवासी किसानों का भुगतान नही किया है। पीड़ति किसानों ने एसपी शलभ सिन्हा को लिखित में इसकी शिकायत की थी। एसपी ने किसानों को 15 दिवस के भीतर जांच कर राशि दिलाने का आश्वासन दिया था। एसपी से कारवाई नही होता देख आज सभी पीड़ति किसान कलेक्टर से इसकी शिकायत कर न्याय की गुहार की।

- 4 माह से राशि के लिए भटक रहे किसान
- कलेक्टर को शिकायत करने शहर पहुंचे



कलेक्टोरेट पहुंचे आदिवासी किसान तेजुराम, कामराज कुर्रे, खेमसिंह, दिनेश, बलराम,गजेंद्र नागे ने बताया 4 माह पूर्व हमारे ही क्षेत्र के मुंडागांव निवासी बंशी जगदलपुर तेतरकुटी निवासी व्यापारी वीरेंद्र पाढ़ी के मुंशी का काम करता है। मुंशी बंशी कश्यप के कहने पर हमने मक्का को विक्रय किया। राशि आज दूंगा,कल दूंगा का बहाना बनाते 4 माह हो गया 12 लाख रुपये नही दिया। यह हमारे सालभर की कमाई है, पैसा नही देने से परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई और इस वर्ष फसल उत्पादन के लिए राशि नही होने से समस्या आ गई है। आज अपर कलेक्टर सीपी बघेल के समक्ष मुंशी को प्रस्तुत किया गया। मुंशी ने वीरेंद्र पाढ़ी द्वारा किसानों का मक्का लेना स्वीकार किया तथा इसके एवज में भुगतान नही करने की बात कबूली। इसकी लिखित शिकायत किसानों ने बस्तर पुलिस थाना के टीआई सुरेश जांगड़े से की। टीआई ने जांच कर कारवाई करने का भरोसा दिया। लेकिन उनकी कार्यवाही और समझाईश से किसानों को संदेह है कि काम होना आसान नहीं है। एसपी और अपर कलेक्टर के आश्वासन का भी असर निचले स्तर के अधिकारी पर नहीं हो रहा है।

#### गृहमंत्री से मिलने जाएंगे रायपुर

किसान दिनेश ने कहा कलेक्टर से भी न्याय नही मिला तो गृहमंत्री विजय शर्मा से मिलने रायपुर जाएंगे। किसान कामराज,तेजुराम,बलराम ने बताया हमारी एक ही मांग है,व्यापारी से हमे हमारे मक्का का 12 लाख रुपये दिलाया जाए।

#### जानकारी भेजें देखता हूं

किसानों को उनका हक अवश्य मिलेगा। मुझे इसकी डिटेल जानकारी भेजे दिखवाता हूं।

**केदार कश्यप,** वनमंत्री

## बस्तर में सक्रिय तीन स्टेट कमेटी मेंबर ने तेलगांना में किया आत्म समर्पण

**जगदलपुर।** नक्सल संगठन में शामिल तीन बड़े नक्सलियों ने तेलगांना में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में एसीएम व दक्षिण बस्तर जनता सरकार प्रभारी तोड़ेम गंगा सोनी भी शामिल है।

जानकारी के मुताबिक तीनो समर्पित नक्सली तीन दशक से अधिक समय से नक्सल संगठन में शामिल थे तथा कई संगीन मामलों में इनकी संलिप्तता थी। तेलगांना स्टेट पुलिस के सामने समर्पण करने वाले नक्सलियों में राज्य समिति सदस्य व दक्षिण बस्तर डीवीसी प्रभारी कुनकटी वेंकटैया विकास, एससीएम व डीकेएसजेडसी सीएनएम मोगिलिचेरला वेंकटराज उर्फ चंदू व एससीएम एवं जनता सरकार प्रभारी दक्षिण बस्तर तोडेम गंगा सोनी शामिल है। तीनों राज्य समिति के सदस्य (एससीएम) तीन दशक से अधिक समय से प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) पार्टी के भूमिगत रूप में काम किया था।



तेलगांना पुलिस ने जारी प्रेसनोट में बताया कि कुनकट्री वेंकटैया उर्फ रमेश उर्फ विकास वरिष्ठ माओवादी नेता (एससीएम) जो पिछले 36 वर्ष से छिपा हुआ था। वहीं मोगिलिचेरला वेंकटराजू उर्फ राजू उर्फ एर्रा राजू उर्फ चंदू वरिष्ठ माओवादी नेता (एससीएम) पिछले 35 वर्षों से छिपा हुआ था इसके अलावा तोड़ेम गंगा उर्फ गंगव्वा उर्फ सोनी, वरिष्ठ माओवादी नेता (एससीएम) पिछले 21 वर्ष से नक्सल संगठन में शामिल होकर भूमिगत होकर काम कर रही थी। कुंकटी वेंकटय्या उर्फ रमेश उर्फ विकास 52 वर्ष, कूटिगल गाँव मद्दर मंडल, सिद्दीपेट जिले का निवासी हैं उनके पिता वोजय्या एक किसान परिवार से थे। उनकी माँ लछम्मा भी किसान थीं। उनका एक भाई और दो बहनें थीं।

# राज्यपाल से विद्यार्थियों ने की मुलाकात, काष्ठ कला से निर्मित पोर्ट्रेट भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, मड़ानार कोण्डागांव के शिक्षकों शिव साहू, हीना साहू एवं विद्यार्थियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान विद्यार्थियों ने राज्यपाल को काष्ठ कला से निर्मित पोर्ट्रेट भेंट किया। राज्यपाल ने बच्चों की इस अनूठी प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी रचनात्मक गतिविधियाँ उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में मदद करती हैं। राज्यपाल से मुलाकात और अपनी कला को सराहना मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरे पर गजब का उत्साह देखने को मिला।

**खास बातें**

- शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मड़ानार के शिक्षक व विद्यार्थियों ने की मुलाकात
- विद्यार्थियों की रचनात्मक गतिविधियाँ उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सहायक : डेका



### प्रशिक्षण संचालन के लिए 50 हजार की अनुदान राशि की घोषणा

राज्यपाल श्री डेका ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय में प्रशिक्षण के सुचारू संचालन के लिए 50 हजार रुपये की अनुदान राशि प्रदान करने की घोषणा की। विद्यालय के शिक्षक शिव साहू इस अवसर पर विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे, जिन्होंने बच्चों को काष्ठ कला में प्रशिक्षित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने में अहम योगदान दिया। प्रधानपाठिका श्रीमती हिना साहू भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। उन्होंने राज्यपाल को विद्यार्थियों की उपलब्धियों से अवगत कराया।

## खबर संक्षेप

### पुलिया के ऊपर पानी... जाते मानसून की धमक



**कोण्डागांव।** हड़ीगांव बडगांव के बीच बल्हारी नाला में पुलिया उपर बाढ़ आने से आवागमन आवा जाही बंद हो गया है। जिसे सैकड़ों गांव के लोगों के लिए रात बंद हो चुका है।

### टीबी के मरीजों को पोषण आहार का किट किया भेंट

**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार से रजत जयंती उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। शुक्रवार को रजत उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में किया गया । जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के चतुर्वेदी निर्देशानुसार खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योतिर्मयी प्रभावती के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें पहले दिन का कार्यक्रम अनुसार विकासखंड फरसगांव के सभी टीबी के मरीजों का उचित देखभाल के लिए निक्षय मित्र का पंजीयन किया गया। उन निक्षय मित्रों के द्वारा सभी टीबी के मरीजों को पोषण आहार का किट भेंट किया गया । साथ ही टीबी बीमारी की उपचार एवं बचाव की जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में बीपीएम चेतन चौहान, बीईटीओ एन एल नेताम, एम आर बघेल समस्त सुपरवाइजर मनोज नेताम , विजय सोरी, बलराम नेताम, शंकर सरकार, सुभाष कोर्राम, एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

### सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित

**गीदम।** गीदम ब्लॉक के माधवपारा माध्यमिक शाला में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना था। शिक्षा समिति सभापति दिनेश कुमार कौशल ने अपने संबोधन में बच्चों को स्कूल के अनुशासन में रहने और नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पर्यावरण के प्रति समर्पण का भाव जगाते हुए जन भागीदारी की महत्ता पर बल दिया। कार्यक्रम में शिक्षा समिति सदस्य पवन कर्मा, एसएमसी अध्यक्ष कृष्ण नाग, प्रधान अध्यापक बसंत पाल और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल ठेमगाँव में माकड़ी पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

# छात्र- छात्राओं को सायबर अपराध, महिला सुरक्षा यातायात नियम और नशामुक्ति पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

माकड़ी पुलिस ने ठेमगाँव हाईस्कूल में सायबर जागरुकता अभियान का आयोजन किया। विद्यार्थियों को सायबर अपराध, महिला अपराध, नशामुक्ति और यातायात नियमों को बताकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।



कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक राकेश जुर्री एवं महिला प्रधान आरक्षक विमला माला ने विद्यार्थियों को बढ़ते सायबर अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन फ्रॉड, फेक कॉल, ओटीपी शेयरिंग जैसे खतरों से बचने के उपाय विस्तार से बताए। सत्र में महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति भी छात्राओं- छात्र को जागरूक किया गया। गुड टच और बैड टच की जानकारी देते हुए बताया गया कि बच्चों को किन परिस्थितियों में सतर्क रहना चाहिए और कैसे तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों की मुख्य बातें भी समझाई गईं।

### नशामुक्ति और विधिक संबंधी दी जानकारी

कार्यक्रम में नशामुक्ति पर विशेष ध्यान देते हुए नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोंडागांव के अधिकारी–कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने छात्रों को उनके अधिकारों और कानूनी सहायता के विकल्पों से अवगत कराया। अभियान में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ और शिक्षकगण शामिल हुए। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मछली पालन के लिए 30 मत्स्य कृषकों को दिया तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र कोपाबेड़ा में तीन दिवसीय मछली पालन तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत झींगा पालक कृषकों को मछली बीज का वितरण भी किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान योगेश कुमार देवांगन ने कृषकों को मछली पालन से संबंधित तकनीकी पहलुओं जैसे तालाब की तैयारी, मछली बीज का चयन, संचयन विधि, महार का उपयोग और प्रबंधन तकनीक की जानकारी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषकों को आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित करना, उनकी आय में वृद्धि करना और ग्रामीण आजीविका में सुधार लाना है।

### झींगा पालन कार्यक्रम से नई संभावनाएं

छत्तीसगढ़ शासन के मत्स्य पालन विभाग द्वारा बस्तर संभाग में झींगा पालन को बढ़ावा देने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम संभाग के सात जिलों में लागू किया गया है। इसी क्रम में कोंडागांव जिले के 30 चयनित कृषकों को 07 से 09 अक्टूबर तक प्रशिक्षण दिया गया और प्रशिक्षण उपरांत मछली बीज का वितरण किया गया। झींगा जिसे आमतौर पर फ्रेश वाटर झींगा, चिंगड़ी या प्रान्स कहा जाता है, उच्च प्रोटीन और अधिक बाजार मूल्य 400–500 प्रति किलो के कारण अत्यधिक लाभदायक है।

### जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हीरासिंह नेताम, सदस्य नंदलाल राठौर, जनपद अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर, कृषि सभापति बिमला बघेल, मत्स्य पालन उप संचालक एमएल राणा, सहायक मत्स्य अधिकारी योगेश कुमार देवांगन और मत्स्य निरीक्षक अस्मिता एवं नोमेश्वरी दीवान उपस्थित रहे।

# भानुप्रतापपुर में स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे हजारों सामाजिकजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/फरसगांव

सर्वपिछड़ा वर्ग समाज जिला कोंडागांव की जिला स्तरीय बैठक फरसगांव रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 17 अक्टूबर को भानुप्रतापपुर में आयोजित होने वाले पिछड़ा वर्ग स्थापना दिवस में शामिल होने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि जिले के सभी ग्रामों से हजारों की संख्या में समाजजन इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

- सर्वपिछड़ा वर्ग समाज की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

बैठक में तय किया गया कि स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रें और ग्रामों का दौरा किया जाएगा। इसके तहत 11 अक्टूबर को विकासखण्ड माकड़ी, 13 अक्टूबर को केशकाल ब्लॉक के बहीगांव एवं बड़ेराजपुर के विश्रामपुरी में बैठक आयोजित की जाएगी। स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य रूप से सम्मिलित होंगे।



अनुमान है कि इस अवसर पर बस्तर संभाग से लाखों की संख्या में समाजजन उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

**सामाजिक पदाधिकारी रहे उपस्थित –** बैठक में जिलाध्यक्ष रितेश पटेल, महामंत्री रैमल दीवान, संरक्षक एवं प्रवक्ता नीलकंठ शार्दुल, संरक्षक संतोष साहू, अमित गुप्ता, संभागीय उपाध्यक्ष फूलचंद दीवान, रमेश पांडे, जागेश्वर शार्दुल, पुरुषोत्तम सेन, यादव, शेरकू राम, धनराज पांडे, मोहन पांडे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और वरिष्ठ सामाजिकजन मौजूद रहे।

## सीपीआर जागरूकता सप्ताह 13 से 17 अक्टूबर तक

**कोण्डागांव।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रलय द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से सीपीआर जागरूकता सप्ताह 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक देशभर में मनाया जाएगा। इस दौरान लोगों को आपात स्थिति में जीवन बचाने वाले सीपीआर तकनीक की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों, छात्रों, सुरक्षा सेवाओं और आम जनता में जीवन रक्षक कौशल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। लोगों को यह सिखाया जाएगा कि अचानक हृदय गति रुकने की स्थिति में सीपीआर देकर किसी की जान कैसे बचाई जा सकती है।

**रेडक्रॉस प्रशिक्षक देंगे व्यावहारिक प्रशिक्षण :** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं पदेन सचिव, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला कोण्डागांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला शाखा के प्रशिक्षक निर्धारित तिथियों पर सीपीआर प्रशिक्षण देंगे। 14 अक्टूबर 2025 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मर्दापाल, प्रातः 12:00 बजे से। 15 अक्टूबर 2025 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव, दोपहर 02:00 बजे से। 16 अक्टूबर 2025 पुलिस लाइन, कोण्डागांव, प्रातः 11:00 बजे से आपात स्थिति में मददगार सिद्ध होगा प्रशिक्षण यह प्रशिक्षण लोगों में आत्मविश्वास बढ़ाने और आपातकालीन स्थितियों में तत्परता से कार्य करने की क्षमता विकसित करने में सहायक होगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से नक्सल प्रभावित परिवार की बदली जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव वर्ष के अवसर पर जहाँ पूरा प्रदेश विकास यात्र का उत्सव मना रहा है, वहीं शासन नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में विकास और पुनर्वास की दिशा में भी ठोस कदम उठा रहा है। इसी क्रम में ग्राम केजंग निवासी गाडोंराम नेताम, जो एक आत्मसमर्पित नक्सल पीड़ित परिवार से हैं, को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की विशेष परियोजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया।

- केजंग निवासी गाडोंराम नेताम को मिला स्थायी आशियाना, जीवन में लौटी स्थिरता

शासन की पुनर्वास नीति के तहत वर्ष 2024–25 में गाडोंराम को 1 लाख 30 हजार की अनुदान राशि स्वीकृत की गई। इस आर्थिक सहायता से उन्होंने अपना पक्का घर बनवाया जिससे उनके परिवार का जीवन स्तर पूरी तरह बदल गया। अब वे अपनी पत्नी कलेबाई और बेटी मुन्नी के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन बिता रहे हैं।

भावुक होकर गाडोंराम कहते हैं पहले हमारे दिन बहुत कठिन थे लेकिन अब अपना घर बन जाने से



जीवन में स्थिरता आई है। शासन की योजना ने हमें नया आत्मविश्वास दिया है। मैं हृदय से सरकार का धन्यवाद करता हूँ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विजन के अनुरूप राज्य सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में विकास, शांति और पुनर्वास को प्राथमिकता दी है। शासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं को हर नागरिक तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### नक्सलवाद खात्मे की दिशा में

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद उन्मूलन और पुनर्वास की नीति ने राज्य सरकार के प्रयासों को और गति दी है। इन योजनाओं से प्रभावित क्षेत्रें में विश्वास, विकास और आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत हुई है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202510161800001/अ-2/2024-25

ग्राम- घोटपाल, प.ह.नं.-11, तहसील- गीदम

**:: उद्घोषणा ::**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री जयदेव सिंह यादव पिता श्री जय सिंह यादव निवासी घोटपाल, तहसील गीदम, जिला दक्षिण वस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 8435688147 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-घोटपाल, प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. गीदम तहसील-गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 260/9 रकबा 0.0400 हें. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 22/10/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/10/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.), गीदम**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202510161800003/अ-2/2024-25

ग्राम- बड़े पनेड़ा, प.ह.नं.-11, तहसील- गीदम

**:: उद्घोषणा ::**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री विरेन्द्र कुमार मंडावी पिता स्व. कोसा राम मंडावी निवासी सुकमा, तहसील सुकमा, जिला सुकमा (छ.ग.) मोबाईल नं. 8959841656 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-बड़े पनेड़ा, प.ह.नं. 16, रा.नि.मं. गीदम तहसील-गीदम मंत स्थित भूमि खसरा नं. 228/2 रकबा 0.4800 हें. भूमि में से रकबा 0.100 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 27/10/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/10/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.), गीदम**

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्रं./क/ब 121/2024-2025

**-उद्घोषणा-**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनसाय पिता माहरा जाति मुरिया निवास ग्राम भोण्ड द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके पुत्री लछनी कश्यप पिता माहरा की मृत्यु दिनांक 22/12/2008 को ग्राम भोण्ड में होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 5/10/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर **तहसीलदार बस्तर**

### हीरामांदला में खुलेगी नवीन उचित मूल्य की दुकान

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जनपद पंचायत कोण्डागांव अंतर्गत ग्राम पंचायत करनपुर के आश्रित ग्राम हीरामांदला में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोले जाने की अनुमति प्रदान की गई है। यह अनुमति छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 की कण्डिका 9 के प्रावधानों के तहत दी गई है। इस पहल से हीरामांदला सहित आसपास के ग्रामीणों को राशन सामग्री की उपलब्धता में आसानी होगी और उन्हें लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इन संस्थाओं को मिलेगा संचालन का अवसर : उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए निम्नलिखित संस्थाएँ आवेदन कर सकती हैं ग्राम पंचायतें, महिला स्व–सहायता समूह, प्राथमिक सहकारी शाख समितियाँ एवं लेम्प्स समितियाँ, वन सुरक्षा समितियाँ, भूतपूर्व सैनिकों द्वारा गठित सहकारी समितियाँ अन्य पंजीकृत सहकारी समितियाँ, जो छ.ग. सहकारिता अधिनियम 1960 या छ.ग. स्वायत्त सहकारी अधिनियम 1999 के अंतर्गत पंजीकृत हों।

# वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का हुआ आगाज़

**कोण्डागांव।** जिला कांग्रेस कमेटी ने आज प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चुनाव आयोग की कथित वोट चोरी का खुलासा करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान चलाया जा रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस आंदोलन का नेतृत्व किया है।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि देशभर में मशाल रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया है और अब हस्ताक्षर अभियान के जरिए आम जनता को




जोड़ा जा रहा है। कार्यकर्ता पोलिंग बूथ स्तर तक पहुंचकर लोगों से हस्ताक्षर करा रहे हैं और उन्हें वोट चोरी के मुद्दे से अवगत करा रहे हैं।

**जिले से 1 लाख हस्ताक्षर का लक्ष्य :** महामंत्री रितेश पटेल ने जानकारी दी कि कोंडागांव जिले से इस अभियान के तहत एक लाख हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे को घर–घर और जन–जन तक पहुंचा रहे हैं।

**प्रेसवार्ता में रहे कांग्रेस पदाधिकारी :** प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष झूमुक दीवान, प्रभारी महामंत्री रितेश पटेल, शहर अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन और बुधराम मरकाम उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

## खबर संक्षेप

### झूठ के सहारे राजनीति की दुकान चला रही कांग्रेस

**जगदलपुर।** मुद्दा विहीन कांग्रेस के पास अनर्गल आरोप लगाने का काम ही शेष रह गया है। झूठे आरोप लगाने के खेल को बंद कर कांग्रेस व उनके नेताओं को जनहित के कार्यों में रूचि दिखानी चाहिये। राजनीति की दुकान चलाने के लिये कांग्रेस केवल झूठ और भ्रम फैलाने का सहारा ले रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने जारी बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कांग्रेस यह न भूले कि प्रदेश में अब विष्णु देव साय का सुशासन है। कांग्रेस की भूपेश सरकार के काले कारनामों को छत्तीसगढ़ की जनता नही भूली है। बस्तर के विकास के लिये निरंतर कार्य प्राथमिकता से हो रहे हैं। विधायक किरण सिंह देव की पहल से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के अनेकों कार्य पूर्णता पा रहे हैं।



### विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर पूर्ण पेंशन की मांग

जगदलपुर। विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ डॉ रमन सिंह से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भेंट कर शिक्षकों की बहु प्रतिक्षित मांग एलबी संवर्ग के शिक्षकों को संविलियन पूर्व की सेवा की गणना कर पेंशन निर्धारण करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि 1998 से पंचायत विभाग में सेवा दे रहें शिक्षाकर्मियों को 2018 में शिक्षा विभाग में संविलियन किया गया। शिक्षाकर्मियों की नई और पुरानी सेवा के सेवा शर्तो पर अधिकारी नियमों को ताक में रख कर अपनी सुविधा अनुसार व्याख्या करते आ रहें है। संघ ने मध्यप्रदेश,केन्द्र, उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड सरकार के आदेशों का हवाला देते छत्तीसगढ़ सरकार से न्याय की मांग की है।

# बस्तर संभाग के 4 जिलों में 250 गांव के किसान करेंगे लाख पालन

## वन विभाग लघु वनोपजों से किसानों को देंगे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग के 4 जिलों में लगभग 250 गांवों के किसान लाख पालन करेंगे, इसके लिए वन विभाग किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्तमान में बस्तर जिले के 8 गांव के किसान लाख पालन कर रहे हैं, बस्तर जिले में कई लघु वनोपज संग्राहक विभिन्न लघु वनोपजों का संग्रहण कर लाभ प्राप्त करे रहें हैं जैसे ईमली, महुआ, साल बीज, चिरौंजी गुठली एवं लाख पालन आदि हैं। बस्तर के वनों से लाख संगृहित करने का काम यहां के आदिवासी बहुत पहले करते आ रहें हैं। इसमें विभागीय प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार से बस्तर वन-वृत्त के कई नए स्थानों जैसे जैबेल, कुरंदी, घोटिया, माचकोट, डिलमिली, मारडूम, भैरमगढ़, तोंगपाल आदि में लगभग 150 कृषक लाख पालन व्यवसाय से जुड़े हैं। लाख का उपयोग विभिन्न उद्योगों जैसे की सौंदर्य प्रसाधन, दवा और रंगाई में किया जाता है। इस तरह लाख पालन कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली खेती है। किसानों को लाख की खेती के लिए प्रोत्साहित करने और उनकी आय में वृद्धि के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसके परिपालन में लघु वनोपज संघ द्वारा बीहन लाख आपूर्ति तथा बीहन लाख विक्रय और लाख फसल ऋण की उपलब्धता के लिए मदद सहित आवश्यक व्यवस्था की गई है। बीहन लाख की कमी को दूर करने के लिए किसानों के पास उपलब्ध बीहन लाख को उचित मूल्य पर क्रय करने के लिए क्रय दर का निर्धारण किया गया है। लाख पालन करने वाले कृषकों को निःशुल्क ब्याज के साथ लाख फसल ऋण देने का अहम निर्णय लिया गया है। लाख खेती बढ़ाने के लिए किसानों का रूझान बढ़ रहा है।

### जीवन में एक अहम भूमिका निभाई

बस्तर जिला में करपावंड विकासखण्ड के ग्राम जैबेल में रहने वाले लाख कृषक लुदूराम बेसरा ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु लाख पालन ने उनके जीवन में एक अहम भूमिका निभाई है। लाख पालन करते हुए आज वे अपने गांव में परिवार के साथ खुशहाल जीवन बसर कर रहे हैं।



### तीन जिलों के किसानों को भी जुड़ेंगे

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि लाख उत्पादन से ग्रामीणों की जिंदगी में आर्थिक, सामाजिक बदलाव आया है, इससे कई किसान जुड़े हुए हैं। अब तक बस्तर जिले के किसान जुड़े हैं अब सुकमा, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले के किसानों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ, डीएवी के 73 विद्यालयों के 1023 खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

# बस्तर में अपार खेल प्रतिभाएं हैं, डीएवी खेल प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने का कार्य कर रही : केदार





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

खेलों को प्रोत्साहन देने और युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से डीएवी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य और गरिमामय शुभारंभ आज इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम परिसर में हुआ। उद्घाटन वन मंत्री केदार कश्यप ने ध्वजारोहण और मशाल प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बहुत खेल प्रतिभाएं हैं। विशेषकर बस्तर में अपार खेल प्रतिभाएं हैं। डीएवी इन खेल प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने का कार्य कर रही है। उन्होंने बच्चों के भविष्य को बेहतर ढंग से तराशने के लिए डीएवी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने खेल प्रतियोगिताओं में शामिल विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यहां विजेता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। वहीं यहां हारने वाले खिलाड़ी भी हतोत्साहित न हों और वे आगामी समय में बेहतर प्रदर्शन के लिए अपने खेल कौशल को निखारें। इस प्रतियोगिता में राज्य भर के 6 क्लस्टरों के अंतर्गत आने वाले 73 डीएवी विद्यालयों के कुल 1023 खिलाड़ियों सहित 200 प्रशिक्षक शिरकत कर रहे हैं। समारोह की शुरूआत राज्य गीत और डीएवी गान के साथ हुई। जिसके बाद खिलाड़ियों और दर्शकों के मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

### दिमागी और शारीरिक खेल का प्रदर्शन

तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, टेबल टेनिस, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, जूडो, कराटे, बॉक्सिंग एवं शतरंज खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, सभापति खेमसिंह देवांगन, डीएवी के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी शैलेष कुमार सहित डीएवी के प्राचार्यगण, शिक्षकगण, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अफवाह और झूठ फैलाकर राजनीति करना कांग्रेस की आदत : पांडे



- महापौर ने कहा कांग्रेस के पास नहीं बचा कोई मुद्दा

**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे ने जारी बयान में कहा कि पार्टी अब झूठे और भ्रामक नैरेटिव फैलाकर जनता को गुमराह कर रही है। ज्योति नर्सरी से करकापाल व बोधघाट थाना तक 4.50 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य को लेकर कांग्रेस के आरोप तथ्यहीन और राजनीति से प्रेरित हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सड़क निर्माण कार्य भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव की पहल पर किया गया है जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में राहत मिली है। जनता की लंबे समय से मांग के अनुरूप स्वीकृत की गई थी और अब इसका लाभ जनता को मिल रहा है।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बताया कि विकास कार्यों से बौखलाकर कांग्रेस अब निराधार आरोपों का सहारा ले रही है। अपने शासनकाल में उन्होंने प्रदेश की जनता को सिर्फ भ्रष्टाचार और अव्यवस्था दी। जनता जानती है कि उनके कई नेता और पूर्व मंत्री भ्रष्टाचार के मामलों में जेल में हैं।

महापौर ने कहा विधायक के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास कार्य लगातार जारी होने और जनता की प्राथमिक आवश्यकताओं से जुड़े कई कार्य पूरे हो रहे हैं।

# शहर का गौरवपथ अपना गौरव खो रहा, ढाई किमी में जगह-जगह गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पंचपथ से भैरम मंदिर तक 20 मीटर सड़क पर वाहन चलाना मुश्किल

पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालय में शहर के किसी एक महत्वपूर्ण सड़क का चयन कर उसे गौरवपथ में विकसित करने तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह सरकार ने निर्णय लिया। बस्तर जिला मुख्यालय में अति विशिष्ट सड़क में चर्चित पंचपथ से जेल लाइन, लालबाग होकर आमागुड़ा चौक, महाराणा प्रताप चौक को गौरव पथ में चयनित किया गया। इस सड़क को चमकाने 18 वर्ष पहले 3 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई। आज यह सड़क अपने गौरव को पूरी तरह से खो दिया है। सड़क की यह स्थिति है कि पंचपथ से भैरम मंदिर तक मात्र 20 मीटर की दूरी तय करना अथवा दुपहिया वाहन चलाना किसी साहसिक कार्य से कम नही है। उक्त क्षेत्र में 40 से 50 बड़े-बड़े गडढे बन गए है।

किसी जमाने मे इस सड़क की चमक ऐसी थी कि सभी अतिविशिष्ट व्यक्तियों को लाने-ले जाने इसी मार्ग का ज्यादा उपयोग किया जाता था। इस मार्ग से मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक समेत अतिविशिष्ट व्यक्ति, प्रदेश अथवा देश के आला अधिकारी इसी मार्ग से होकर गुजरते थे। आज विपरीत परिस्थितियों में अतिविशिष्ट व्यक्तियों के आने-जाने का मार्ग बदलकर वैकल्पिक रास्ते का सहारा लेना पड़ रहा है।



### सड़क चौड़ीकरण के लिए स्वीकृति

बारिश के चलते सड़क मरम्मत व सुधार कार्य नही हो पाया। लेकिन एक दो दिनों के बाद मरम्मत व निर्माण कार्य किया जाएगा। वैसे भी पुराना पुल से महाराणा प्रताप चौक तक लगभग 5 किमी सड़क चौड़ीकरण के लिए कार्य स्वीकृत हो चुका है। आने वाले दिनों में सड़क नए स्वरूप में तब्दील होगा। चौड़ीकरण के साथ-साथ सड़क पर डामरीकरण किया जाएगा।

संजय पांडे, महापौर

### गीतेश मल्ल के कार्यकाल में रखी गई थी आधारशिला

पंचपथ से आमागुड़ा चौक तक ढाई किमी गौरव पथ की आधारशिला प्रथम महापौर गीतेश मल्ल के कार्यकाल में वर्ष 2007 में रखा गया था। निर्माण कार्य निगम के द्वारा किया गया था। कुछ दिनों तक सड़क का मरम्मत किया जाता रहा । किंतु पिछले कुछ वर्षो से शहर के इस पुराने रायपुर रोड की सुध लेने किसी भी जनप्रतिनिधि को फुर्सत नही है।

## बीईओ ने बयान बदलने कहा तो नाराज छात्र-छात्राएं उतरे सड़क पर

# स्कूल परिसर के बाहर दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

बारसूर स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के छात्र-छात्राएं शुक्रवार को एक बार फिर सड़क पर उतर आए। छात्रों ने आरोप लगाया कि महिला शिक्षिका माधुरी उइके द्वारा की जा रही मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से वे तंग आ चुके हैं। शिक्षिका को हटाने की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर के बाहर ही धरना दिया। छात्रों ने बताया कि शिक्षिका पिछले तीन वर्षों से उनके साथ अपमानजनक व्यवहार कर रही हैं। स्कूल में गाली-गलौज करती हैं और अभिभावकों के लिए भी आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करती हैं। जब छात्र शिकायत की बात करते हैं तो शिक्षिका उन्हें धमकाती हैं कि उनके कलेक्टर और विधायक से सीधे संबंध हैं, इसलिए उनका कुछ नहीं बिगड़ सकता। बीते दिन छात्राओं ने सामूहिक रूप से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा था और शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। शुक्रवार सुबह छात्र अपने अभिभावकों के साथ स्कूल पहुंचे, लेकिन कक्षाओं में जाने के बजाय स्कूल गेट के बाहर ही धरने पर बैठ गए। छात्रों का आरोप है कि जांच के नाम पर पहुंचीं बीईओ अधिकारी ने बच्चों से बयान बदलने के लिए कहा, जिससे वे और नाराज हो गए। बच्चों का कहना है कि जब तक शिक्षिका को स्कूल से नहीं हटाया जाता, वे कक्षाओं में नहीं बैठेंगे।

### कांग्रेस का समर्थन

धरने में कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता भी छात्रों के समर्थन में पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शिक्षिका के कारण कई शिक्षक भी परेशान हैं और पिछले दो वर्षों में कई कर्मचारी स्कूल छोड़ चुके हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि शिक्षिका माधुरी उइके को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए ताकि स्कूल का माहौल सामान्य हो सके।

## नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्र के गांवों में 300 लोगों का बनाया आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



डाक विभाग ने डाक दिवस पर तीन दिन में बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित अंदरूनी सहित विभिन्न गांवों में शिविर लगाकर 300 ग्रामीणों का आधार कार्ड बनाया। वृद्धों के घर पहुंचकर खाता बना रहे है, जिससे जो वृद्ध डाक विभाग नहीं पहुंच पा रहे उनके घर तक पहुंच रहे हैं। साथ ही बस्तर संभाग के सातों जिलों के खातेदारों के खाता में महतारी एवं पीएम आवास के 111 करोड़ रूपए पहुंचा। उक्त बातें डाक विभाग बस्तर संभाग के अधीक्षक ज्ञानेश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा में कही। उन्होंने बताया कि डाक विभाग ने गांव-गांव में स्कूल पर शिविर लगाकर ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली बच्चों का आधार कार्ड बनाया। साथ ही विभाग के पोस्टमेन खातेदारों को घर में रूपए पहुंचा रहे है। इसके अलावा बस्तर दशहरा पर पोस्ट कार्ड बनाया गया है। डाक विभाग किसी का 300 रूपए में स्टाम्प बनाकर दे रहे है, जिसका उपयोग कर सकते हैं।

# बच्चों के बनाए मॉडल ने किया आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- बागवानी, कृषि, खाद, बीज एवं उपकरणों की दी गई जानकारी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगत सिंह में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता कार्यक्रम के तहत सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी जगतूराम नाग, एसएमडीसी के अध्यक्ष उमेश वानखेडे, करण जैन, श्वेता गुप्ता, शांति नायक, जगदीश प्रसाद मौर्य सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बच्चों को शालेय खेलकूद गतिविधियों, बागवानी, कृषि के उपयोग में लाए जाने वाले खाद, बीजों, उर्वरकों, उपकरणों एवं विज्ञान के प्रयोग तथा प्रैक्टिकल के बारे में बताया गया। छात्रों से विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी ,संस्कृत एवं अन्य विषयों पर वातार्लाप की गई। शाला में संचालित इको क्लब, विज्ञान क्लब, स्काउट एवं ग्रंथालय में पुस्तकों के अध्ययन पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर नगर निगम के सभापति खेम सिंह देवांगन ने विज्ञान के विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया। प्राचार्य विनीता बेंजामिन एवं शाला परिवार के शिक्षक किरण चौहान, अभिराम पटेल, सतपाल शर्मा, किरण महापात्र, अंजू रावते, नीतू शर्मा, योजना देवांगन, पूजा गुप्ता, भारती नामदेव, अनामिका शर्मा, सुमन विश्वकर्मा उपस्थित रहे। संचालन व्याख्याता चंद्र प्रकाश देवांगन ने किया।



# कन्या पॉलिटेक्निक में विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

शहर के धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग और प्राचार्य एसके त्रिवेदी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं व्यवहारिक न्यायाधीश अंकिता कश्यप रहीं। उन्होंने छात्राओं को विधिक साक्षरता अर्थात हमारे मौलिक अधिकारों, कानूनी सहायता सेवाओं और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कानूनी पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक और ज्ञानवर्धक जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि का स्वागत कॉलेज की वरिष्ठ व्याख्याता नमिता अगरकर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। तत्पश्चात न्यायाधीश ने अपने वक्तव्य में कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना उतना ही आवश्यक है जितना शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना। उन्होंने छात्राओं को यह भी बताया कि किस प्रकार विधिक सेवाओं के माध्यम से जरूरतमंद लोग निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में व्याख्याता अलका तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता एंजेलिन मैथ्यू ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी कर्मचारी, अधिकारी एवं छात्राएं शामिल रहे।

# राष्ट्रीय सेमीनार और राज्य के आयोजन में बस्तर के रचनाकारों को नहीं बुलाया जाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- डॉ रमन सिंह से संस्कृति विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय बस्तर में खोलने की मांग की गई

विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ डॉ रमन सिंह को बस्तर माटी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्रही तथा वरिष्ठ पत्रकार एस.करीमुद्दीन ने ज्ञापन सौंपा। सर्किट हाउस में भेंटकर उनसे संस्कृति विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर में खोलने की मांग की गई। उन्हें जानकारी दी गई कि बस्तर संभाग में अनेक साहित्यकार और रचनाकार हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार अथवा सम्मेलनों में प्रतिनिधित्व करने से वंचित रह जाते हैं । यही नहीं राज्य स्तर के कार्यक्रमों में भी शामिल नहीं किया जाता और ना ही आमंत्रित किया जाता है। इस तरह अनेक अवसर पर बस्तर तथा सरगुजा संभाग के रचनाकार, साहित्यकार, संस्कृति कर्मी, राज्य स्तरीय साहित्यिक आयोजनों से वंचित कर दिया जाता है। 1 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार ने रजत जयंती वर्ष की शुरूआत की है। जिसका उद्देश्य राज्य की विकास यात्रा और जनकल्याण की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम राज्य में आयोजित किया जाना है । इस अवसर पर जगदलपुर में राष्ट्रीय स्तर का साहित्य सम्मेलन शासन से आयोजित किए जाने अनुरोध किया गया। इस अवसर पर डा. रमन सिंह को बस्तर दशहरा, टाइगर बॉय चेन्दरु तथा पर्यटन विशेष आओ बस्तर चलें पुस्तकें भेंट की गई।




